पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 9 जनवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फज़लुर रहमान वायज़ी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि मौलाना फज़लुर रहमान एक अच्छे इंसान और गंगा-जमुनी तहज़ीब के प्रतीक थे। उनका निधन पूरे लखनऊवासियों के लिये अपूरणीय क्षति है।

श्री नाईक ने अपने शोक सन्देश में दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन (9/9)